आकाशवाणी श्री विजयपुरम
दिनांक : 28.10.2025
समय : 0705

<><><><><><><>

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में 8वें अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन सम्मेलन को संबोधित करेंगी।
- निर्वाचन आयोग ने कहा – दूसरे चरण में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण किया जाएगा।
- भारत समुद्र सप्ताह के उद्घाटन अवसर पर उपराज्यपाल ने कहा–द्वीप समूह हिंद–प्रशांत क्षेत्र में महत्वपूर्ण वैश्विक नौवहन मार्ग के रूप में रक्षा एवं समुद्री जागरूकता में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।
- पर्यटन विभाग की ओर से पहली नवम्बर को नॉर्थ बे में कयाक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में 8वें अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन सम्मेलन में मुख्य भाषण देंगी। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी आज आईएसए के उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगे। इस चार दिवसीय वैश्विक आयोजन में दुनिया भर के 124 देश और 40 से अधिक मंत्री भाग ले रहे हैं। यह सम्मेलन वैश्विक समुदाय को सहयोग को मजबूत करने और एक उज्जवल और टिकाऊ भविष्य के लिए सौर ऊर्जा को अपनाने में तेज़ी लाने के लिए एक साथ लाया है।

<><><><><><>

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि दूसरे चरण में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर किया जाएगा। इसमें अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह, लक्षद्वीप, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, मध्य प्रदेश, पुद्दुचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल शामिल हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने नई दिल्ली में कहा कि पुनरीक्षण का उद्देश्य मतदाता सूचियों को अधिक पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाना है। उन्होंने बताया कि पहले चरण में बिहार में एसआईआर कामयाब रहा। श्री कुमार ने कहा कि एसआईआर के दूसरे चरण में 51 करोड़ मतदाता शामिल होंगे। उन्होंने घोषणा की कि जिन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर होगी, वहां की मतदाता सूचियां फ्रीज कर दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि गणना प्रपत्रों की छपाई और बूथ स्तर अधिकारी – बीएलओ का प्रशिक्षण

आज से शुरू होगा। गणना प्रक्रिया 4 नवंबर से एक महीने के लिए शुरू होगी, जबकि मसौदा मतदाता सूची 9 दिसंबर को और अंतिम मतदाता सूची 7 फरवरी को प्रकाशित की जाएगी।

<><><><><><><>

जीएसटी बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नयी जीएसटी दरें लागू किये जाने को बचत उत्सव का नाम दिया था। द्वीपों के एक लाभार्थी किसान ने बताया है कि कृषि उपकरण पर नई दरें लोगों के लिए बहुत मददगार साबित हो रही हैं।

<><><><><><><>

सांसद बिष्णु पद रे ने मध्योत्तर अंडमान जिला उपायुक्त और अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट के साथ ड्यूक नगर गाँव का दौरा कर विकासात्मक गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा की। दौरे के दौरान, सांसद ने लौकी नाला पुल के लिए प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिला उपायुक्त ने बताया कि प्रस्तावित पुल के लिए भूमि का आवंटन पहले ही कर दिया गया है। सांसद ने उपस्थित लोगों को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के बारे में भी जानकारी दी और जनता को इस योजना का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। उपायुक्त ने ड्यूक नगर के वार्ड सदस्य को 20 लाइफ जैकेट और रस्सियाँ सौंपीं। उन्होंने कहा कि जलापूर्ति का कार्य प्रगति पर है और दिसंबर के अंत तक इसके पूरा होने की उम्मीद है। स्थानीय लोगों ने छात्रों के लिए स्कूली बस का मुद्दा उठाया। उपायुक्त ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

<><><><><><><>

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कल मुंबई में भारत समुद्री सप्ताह 2025 का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उप–राज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी ने अंडमान निकोबार केंद्र शासित प्रदेश सत्र में भाग लिया। मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार, मत्स्य पालन की आयुक्त–सह–सचिव चंचल यादव, केपीएल की प्रबंध निदेशक जे.पी. आइरीन सिंथिया और जहाजरानी सचिव पूर्वा गर्ग, सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। अपने संबोधन में उपराज्यपाल ने इस बात पर प्रकाश डाला कि द्वीप समूह हिंद–प्रशांत क्षेत्र में महत्वपूर्ण वैश्विक नौवहन मार्गों पर रणनीतिक रूप से स्थित है और रक्षा एवं समुद्री जागरूकता में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने द्वीपसमूह को एक क्षेत्रीय जहाज निर्माण और मरम्मत केंद्र के रूप में विकसित करने पर भी ज़ोर दिया। उन्होंने बताया कि गलाथिया खाड़ी में अंतर्राष्ट्रीय कंटेनर ट्रांसशिपमेंट टर्मिनल बनाने के लिए एक प्रमुख बंदरगाह के रूप में अधिसूचित किया गया है। इसके अलावा

पोर्ट मीडोज को निर्यात और आयात दोनों के लिए पहला जहाज–से–जहाज ट्रांसशिपमेंट और सीमा शुल्क बंदरगाह के रूप में अधिसूचित किया गया है। उप–राज्यपाल ने कहा कि द्वीप विकास एजेंसी मत्स्य पालन, समुद्री जैव विविधता और नवीकरणीय संसाधनों के माध्यम से सतत विकास को बढ़ावा दे रही है। मुख्य सचिव ने द्वीप समूह के समुद्री क्षेत्र को आकार देने में शिपिंग, पर्यटन और मत्स्य पालन जैसे प्रमुख क्षेत्रों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। अंडमान निकोबार द्वीप समूह दक्षिण पूर्व एशिया और वैश्विक नीली अर्थव्यवस्था के लिए भारत के प्रवेश द्वार के रूप में उभर रहे हैं, जो साहसिक कार्य, स्थायित्व और डिजिटल परिवर्तन के आदर्शों को आगे बढ़ा रहे हैं।

<><><><><><><>

पर्यटन विभाग, भारतीय खेल प्राधिकरण और अंडमान वाटर स्पोर्ट्स एडवेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से, वाणिज्यिक संचालकों के लिए कयाक कार्यक्रम का आयोजन करेगा। यह कार्यक्रम पहली नवंबर, को सुबह नौ बजे से नॉर्थ बे में आयोजित किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य द्वीप समूह के लाइसेंस प्राप्त कयाक टूर ऑपरेटरों में कौशल विकास, टीम वर्क और सुरक्षा जागरूकता को प्रोत्साहित करना है। नॉर्थ बे और एसवीपी के सभी पंजीकृत कयाक ऑपरेटरों प्रतियोगिता में भाग लेने को कहा गया है। कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित होगी। पर्यटकों, आगंतुकों और आम जनता के लिए कयाकिंग 400 रुपये प्रति व्यक्ति की दर से उपलब्ध होगा। आवेदन फॉर्म बौद्धिक संपदा एवं प्रौद्योगिकी निदेशालय के AWSC के पंजीकरण अनुभाग प्रभारी से प्राप्त किए जा सकते हैं।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के युवाओं से विकसित भारत क्विज़ प्रतियोगिता में भाग लेने का आग्रह किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि विकसित भारत युवा नेता संवाद 2.0 देश के युवाओं के लिए राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का एक शानदार अवसर है। उन्होंने कहा कि युवाओं के विचार और अंतर्दृष्टि विकसित भारत के निर्माण का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं। लोग इस महीने की 31 तारीख तक क्विज़ में भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता अगले साल 10 से 12 जनवरी तक आयोजित की जाएगी।

<><><><><><><>